देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

# JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

रेफरेंस संख्या –2022/rpba/94 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शनिवार, 19 नवम्बर 2022

## दबंग अधिकारी सुरेश राव के जलवे!!!

## आदर्श नगर मे बन रही पार्षद की अवैध बिल्डिंग को किया दुबारा सील!!

## इलाके की कई अन्य अवैध बिल्डिंगों पर बिठाए गार्ड!!

## कइयों को नोटिस जारी!!

# आदर्श नगर ज़ोन मे राम राज्य की शुरुआत!!!

# आदर्श नगर मे अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले भूमाफियाओं और बिल्डरों मे मची खलबली!!!

भाग-1

# नियमों से बनने वाली बिल्डिंगे ही कर सकेगी अपना सिर ऊंचा, अवैध होंगी ज़मींदोज़!!!



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## आदर्श नगर ज़ोन को सुरेश राव के रूप मे मिला ईमानदार,कर्मठ और निष्ठावान उपायुक्त!!!

लगता है आदर्श नगर ज़ोन मे जल्दी ही राम राज्य आना वाला है क्यूंकी अब नगर निगम जैसे भ्रष्ट विभाग मे,जिसे लोग नरक निगम कहने से भी नहीं चूकते,मे सुरेश राव जैसे ईमानदार,कर्मठ और निष्ठावान उपायुक्त की एंट्री जो हुई है|

पिछले कई सालो से इस ज़ोन मे भ्रष्टाचार और मिलीभगत के चलते अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले भूमाफियाओं और बिल्डरों की पौ बारह हुई पड़ी थी|जिसके चलते चाट वाले,सटोरिये,सब्जी वाले,फल वाले,खिलौने वाले तक अपना मूल धंधा छोड़कर बिल्डर बन गए थे|और कुछ ही दिनो मे अवैध बिल्डिंगे बनाकर ऑडी,मर्सडीज़ जैसी महंगी गाडियाँ मेंटेन करने लग गए थे|

लेकिन अब नए साहब के आने से इन लोगो मे खलबली मची हुई है और ऐसे लोग अब अपना मूल धंधा वापस करने की सोचने लगे है|

हुआ यूं कि जैसे ही नए साहब ने आदर्श नगर मे अपनी कुर्सी संभाली,उनके चेम्बर मे ऐसे बिल्डरों और भूमाफियाओं की लाइन लग गयी|कोई फूलमाला लेकर आ रहा था और महंगी मिठाइयाँ और गिफ्ट पैक के डब्बे लेकर|लेकिन सूत्रों का कहना है कि बंद कमरे मे साहब ने इन बिल्डरों और भूमाफियाओं के साथ कुछ कुछ वही बर्ताव किया जो कि जंजीर फिल्म मे अमिताभ बच्चन अपने सह-कलाकार प्राण के साथ करते है|

## दबंग अधिकारी सुरेश राव के जलवे!!!आदर्श नगर मे भूखंड संख्या 4 म 46 जवाहर नगर पर बन रही पार्षद की अवैध बिल्डिंग को किया दुबारा सील!!इलाके की कई अन्य अवैध बिल्डिंगों पर बिठाए गार्ड!!कइयों को नोटिस जारी!!

अपना जलवा दिखाते हुए,आदर्श नगर जोन के उपायुक्त सुरेश राव ने इलाके की बहुचर्चित अवैध बिल्डिंग 4 म 46 जवाहर नगर को दुबारा सील कर दिया है,हमारे द्वारा इस मामले का बहुत पहले ही खुलासा कर दिया गया था,लेकिन पार्षद घनश्याम चंदलानी के प्रभाव के चलते पूर्ववर्ती जोन उपायुक्त इस मामले मे हस्तक्षेप करने से कतरा रहे थे|लेकिन सुरेश राव के एक्शन से अब इलाके मे अवैध बिल्डिंगें बनाने वाले लगता है ऐसी अवैध बिल्डिंग बनाने वाले बिल्डर सदमे मे है|बीते 2 दिनों मे सुरेश राव द्वारा ना केवल भूखंड संख्या 4 म 46 जवाहर नगर पर बन रही विवादित अवैध बिल्डिंग को सील किया गया बल्कि इलाके मे बन रही दर्जनों अवैध बिल्डिंगों का काम रुकवाकर वहाँ निगरानी के लिए सरकारी गार्ड तैनात कर दिए है|सूत्रों के अनुसार इन बीते दिनों मे सुरेश राव 34 से अधिक अवैध बिल्डिंगों को नोटिस जारी कर चुके है|

दिनांक 17/11/2022 को आदर्श नगर जोन उपायुक्त सुरेश राव द्वारा जारी किया गया सीजर आदेश|



कार्यालय उपायुक्त, आदर्श नगर जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज
(जवाहर नगर सेक्टर नं 4, एम.पी.एस स्कूल के पास)

क्रमांक :– F54 / ( )/Dy Comm./ A.N.Z./ भवन निर्माण शाखा /2022/ 627 दिनांक 17/11/2022

श्रीमति हेमलता पारवानी पत्नि श्री नरेन्द्र पारवानी
भूखण्ड संख्या 4 म 46 जवाहर नगर
जयपुर।

—:: सीजर आदेश ::—

आप द्वारा भूखण्ड संख्या 4 म 46 जवाहर नगर जयपुर में बिना निर्माण स्वीकृति के कार्य कराया जा रहा था। जिसके कार्यालय हाजा द्वारा नोटिस क्रमांक 610 दिनांक 03.11.2022 को जारी किए गये थे। आप द्वारा उक्त नोटिसो की पालना नही की गई है, तथा आप द्वारा जारी नोटिसो का कोई प्रतिउत्तर नही पेश नही किया गया। पूर्व में कार्यालय हाजा को सीज मुक्त करते समय दिये गये शपथ पत्र की भी मौके पर पालना नही की गई है।

अतः भूखण्ड संख्या 4 म 46 जवाहर नगर जयपुर को आज दिनांक 18/11/22 को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 (7) (एफ) के अर्न्तगत बिना स्वीकृति निर्माण को 180 दिवस के लिए सीज किया जाता है।

सीज को खुर्द–बुर्द किया तो सम्बन्धित के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करवा जावेगा।

सूचित रहें।

उपायुक्त,
आदर्श नगर जोन,
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

पूर्व मे हमारे द्वारा मामला उठाए जाने पर जोन द्वारा की गई थी इस अवैध बिल्डिंग को पहली बार सील करने की कार्यवाही|

## आदर्श नगर मे अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले भूमाफियाओं और बिल्डरों मे मची खलबली!!!

नए साहब ने इन बिल्डरों और भूमाफियाओं के साथ साथ अपने मातहतों को भी सख्त लहजे मे निर्देश दे दिये कि उनके रहते ईमानदारी से और नियम से बिल्डिंगे बनाने वालों को एक पैसा रिश्वत का देने की जरूरत नहीं है और अवैध बनने वाली बिल्डिंगों को कतई बक्शा नहीं जाएगा और हर हालत मे इन्हे ज़मींदोज़ किया जाएगा|

साहब के इस एक्शन से, अब हर उस शक्स को रात मे बुरे-बुरे सपने आ रहे है,जो अवैध बिल्डिंगे बनाकर,जल्दी से करोड़पति होने की सोच रहे थे|सबसे बुरा हाल तो उन लोगो का है,जो अपना मोटा पैसा लगाकर आधी से ज्यादा बिल्डिंग का काम पूरा कर चुके है,या उनकी अवैध बिल्डिंग की फिनिशिंग का काम चल रहा है|वहीं ईमानदारी से नक्शे पास करवाकर,नियमों से बिल्डिंगे बनाने वाले बिल्डरों मे खुशी की लहर व्याप्त हो गयी है|

यह भी सुनने ले आया है कि राजनैतिक पहुँच लगाकर,इन साहब को दबाने/हटवाने की भी कोशिश की जा रही है|लेकिन साहब की ईमानदारी और कर्मठता के किस्से सुनकर,ईमानदार बिल्डरों के साथ साथ इन बिल्डरों और भूमाफियाओं के आतंक से त्रस्त स्थानीय जनता भी उनके समर्थन मे आने लगी है और साहब का विरोध करने वालों को मुंह तोड़ जवाब भी दे रही है|

देखना यह है कि अब नए साहब की सोच कामयाब होती है या अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले बिल्डरों के नापाक इरादे!!!!!

**भूखंड संख्या 314 सिंधी कालोनी पर चल रहा निर्माण कार्य वैध है या अवैध?सूत्रों के अनुसार इस बिल्डिंग को भी पार्षद घनश्याम द्वारा बनाया जा रहा है|**

***जल्दी ही हमारे द्वारा आदर्श नगर जोन मे बन रही अवैध बिल्डिंगों की सूची जोन उपायुक्त को प्रस्तुत कर दी जाएगी|***

*यह आलेख www.jawabdosarkar.com पोर्टल पर प्रकाशित किया गया है|पाठको की सुविधा एवं जिम्मेदार अधिकारियों/विभागो के संज्ञान मे लाने के लिए पोर्टल पर प्रकाशित आलेखो को पीडीएफ़ फ़ोर्मेट मे प्रकाशित किया गया है|पोर्टल द्वारा किसी नियमित एवं निश्चित प्रसार संख्या वाले किसी समाचार पत्र/पत्रिका का प्रकाशन नहीं किया जाता है|*